



## एक नजर में



### पीएमश्री कॉलेज में दो दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ

**सीहोर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ सोमवार को हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ एसपीएस चौहान द्वारा किया गया. छात्रा नंदिनी विश्वकर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की. प्राध्यापक डॉ. एससी गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं. प्रभारी प्राचार्य डॉ. चौहान ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निष्ठा और समर्पण के साथ इस तरह के कार्यक्रमों में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया. विद्यार्थियों ने एकल नृत्य शास्त्रीय, समूह नृत्य, एकल गायन शास्त्रीय एवं पाश्चात्य जैसी प्रस्तुतियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया. साथ ही रंगोली, क्ले मॉडलिंग, पोस्टर मेकिंग, ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग एवं कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम का संचालन डॉ देवेंद्र वरवड़े ने किया. आभार डॉ रेखा राजपूत ने प्रकट किया. इस मौके पर प्राध्यापकगण, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे.



### वार्डवासियों को नपाध्यक्ष ने दी 30 लाख की सौगात

**सीहोर.** सोमवार को शहर के वार्ड क्रमांक 20 के अंतर्गत 30 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन नपाध्यक्ष श्री राठौर की अध्यक्षता में भूमि पूजन किया गया. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नपा विकास के कीर्तिमान रचते हुए शहर में अनेक विकास कार्य करने के लिए तत्पर है. विकास के साथ क्षेत्र का सौंदर्यकरण भी हम सबकी जिम्मेदारी है .नपाध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि शहर को स्वच्छ रखें. स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दें. इसके लिए सार्वजनिक स्थलों, खाली प्लाटों और इधर-उधर कचरा ना फेकें. कचरे को हमेशा पालिका द्वारा गाड़ियों या डस्टबिन में ही डालें. वार्ड पार्षद सपना मालवीय ने बताया कि क्षेत्र में तीस लाख के विकास कार्य का भूमि पूजन किया गया है. जिसमें शौचालय, पेवर ब्लाक, प्रवेश द्वार और सीसी निर्माण कार्य शामिल हैं. इस मौके पर अर्जुन राठौर, दिलीप राठौर, कमलेश राठौर सहित अनेक क्षेत्रवासी मौजूद थे.




### मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुए जागरुकता कार्यक्रम

**सीहोर.** ऑक्सफोर्ड हायर सेकेडरी स्कूल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए समय की आवश्यकता बताया और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने की बात कही. इस अवसर पर डॉ. संगीता बनविया, डॉ. अमृता सिंह, नर्सिंग ऑफिसर रजनी योगी एवं पूजा जाट द्वारा छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं हीमोग्लोबिन की जांच की गई. उन्होंने छात्रों को आयरन युक्त संतुलित आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए. काउंसलर बूसी रोबी द्वारा छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष सत्र आयोजित किया गया. उन्होंने संकेतों और चिह्नों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता को समझाया व छात्रों से संवाद कर उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और जागरुकता बढ़ाई. कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए एक विशेष काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किया गया. इसमें मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई तथा अभिभावकों के सवालों का समाधान किया गया.




### कलेक्टर व अधिकारियों ने खरीदे दिव्यांग बच्चों से दीपक

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सर्जना यादव सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में वसुंधरा विशेष विद्यालय द्वारा लगाए गए स्टॉल से दिव्यांग बच्चों द्वारा सुसज्जित किए गए मिट्टी के दीपक खरीदे .सभी दिव्यांग बच्चे कलेक्टर व अधिकारियों को अपने बीच पाकर बेहद प्रसन्न नजर आए. कलेक्टर ने सभी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनकी कलाकृति की सराहना की. बच्चों ने कलेक्टर व अधिकारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं.

### आईटीआई में रोजगार मेला आज

**सीहोर.** डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में 14 अक्टूबर को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. जिसमें14 कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर यूटिलिटी फिटर, बैंकिंग क्षेत्र आदि पदों पर भर्तियां की जाएंगी. मेले में जिला चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत युवक-युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा.

# ट्रैक्टर रैली निकालकर अन्नदाताओं ने जताया आक्रोश

## फसल बीमा और मुआवजा राशि की मांग को लेकर जिले के किसान लगातार कर रहे आंदोलन, सोमवार को निकाली ट्रैक्टर रैली

- अमलाहा से सीहोर तक निकाली ट्रैक्टर रैली
- करणी सेना प्रमुख भी प्रदर्शन में हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 अक्टूबर. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला होने के बावजूद किसानों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं. बीते तीन महीने में जिले में 15 से ज्यादा बार किसान आंदोलन कर चुके हैं. इसके बाद भी न तो फसल बीमा की राशि मिली, न ही खराब फसलों का सर्वे हुआ. आंदोलनों की इस फेहरिस्त में एक तारीख और जुड़ गई.**

सोमवार को नाराज किसानों ने अमलाहा से सीहोर तक 23 किलोमीटर लंबी ट्रैक्टर रैली निकाली. यह रैली तीन घंटे में सीहोर पहुंची. यहां किसानों ने ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया. किसानों ने कहा कि हर साल फसल बीमा की प्रीमियम राशि ली जाती है. फिर भी जब फसलें खराब होती हैं तो बीमा राशि नहीं दी जाती. पिछले पांच साल से फसलें खराब हो रही हैं. कुछ किसानों के खातों में जो बीमा



**सीहोर.** अमलाहा से जिला मुख्यालय तक निकाली गई विशाल ट्रैक्टर रैली के बाद किसानों ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा.

राशि आई, वह समझ से बाहर है. कई किसानों को 174 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा मिला. किसानों ने सवाल उठाया कि यह राशि किस आधार पर दी गई. किसानों ने बताया कि सोयाबीन के लिए 825 रुपए और गेहूं के लिए 600 रुपए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से प्रीमियम लिया गया था. आसपास के जिलों के किसानों को तो मुआवजा मिल गया पर सीहोर के किसानों को अब तक कुछ नहीं मिला. कई किसानों के खेतों का अब तक सर्वे भी नहीं हुआ है. किसान सतत आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही. गौरतलब है कि जिले में इस साल 3 लाख 20 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी हुई थी.

बीते तीन महीने में किसानों ने 15 से ज्यादा बार आंदोलन किए. कभी खेतों में खड़े होकर प्रदर्शन किया, तो कभी पानी में उतरकर जल सत्याग्रह किया. वजह रही खराब फसल, बीमा राशि कम मिलना और मुआवजा न मिलना. गत 9 अगस्त को इछावर में बारिश की कमी से खराब हो रही सोयाबीन फसल को लेकर किसान खेतों में खड़े हो गए. उनका कहना था कि बोले फलियां आईं, पर दाने नहीं बने. 16 अगस्त को जब फसल बीमा की राशि खातों में आई, तो कई किसानों को सिर्फ 174 से 200 रुपए प्रति एकड़ मिले. इससे नाराज किसानों ने नारेबाजी की. 20 अगस्त को छोटी मुंगावली के किसानों ने पानी में खड़े होकर जल सत्याग्रह शुरू किया. बोले- बीमा राशि गलत दी गई. 21 अगस्त को सीहोर जिले के और गांवों के किसान भी आंदोलन से जुड़े. 22 अगस्त को सीवन में किसानों ने बीमा कंपनी की अर्थी पानी में डुबोई. खटिया पानी में डालकर खुद अंदर ले गए. 23 अगस्त को किसानों ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन दिए. 26 अगस्त को 12 से ज्यादा गांवों के किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे. खराब सोयाबीन को लेकर ज्ञापन सौंपा. गत 3 सितंबर को कालापीपल तहसील के भैसाना, नागिन और चांदनी गांवों के किसानों ने खेतों में प्रदर्शन किया. 8 सितंबर को बिजोरा गांव के किसानों ने खराब फसल को लेकर खेतों में प्रदर्शन किया. 10 सितंबर को बिजोरा गांव की महिलाओं ने भी खेतों में खड़े होकर सवाल उठाए. उनका कहना था कि सरकार बीमा कराती है, तो मुआवजा क्यों नहीं देती. 20 सितंबर को फसल पकने के बाद बारिश हुई. इससे सोयाबीन खराब हो गई. किसानों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें दर्ज कराईं. 28 अगस्त को कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट में खाद और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. 6 अक्टूबर को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीत गुजराती, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल सहित कांग्रेस नेताओं ने बिलकीसगंज जा रहे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला रोका. गुलाब का फूल देकर स्वागत किया और बीमा राशि दिलाने की मांग की. 18 सितंबर को कांग्रेस ने सीहोर से किसान न्याय पदयात्रा निकाली. 9 अक्टूबर को जावर में धरना दिया. पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा- केंद्रीय कृषि मंत्री इसी जिले के हैं, फिर भी किसानों को मुआवजा नहीं मिल रहा.

> **नुकसान का आंकलन शीघ्र ही**
>
> आगामी 15 दिन में तैयार हो जाएगी रिपोर्ट सभी जगह पटवारी फसल क्षति पत्रक तैयार करने में लगे हुए हैं. इस काम में अभी 10 से 15 दिन का समय लग जाएगा. इसके बाद कितना कहां नुकसान हुआ है, इसका पता चल सकेगा.
>
> **वृंदावन सिंह,**
> अपर कलेक्टर

### निरीक्षण नहीं करने वालों को फटकारा

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर ने भावांतर योजना के तहत किसान पंजीयन एवं पंजीयन केंद्रों की व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कई नोडल अधिकारियों द्वारा पंजीयन केन्द्रों का निरीक्षण नहीं करने पर जमकर फटकार लगते हुए कहा कि भावांतर योजना किसानों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना है. भावान्तर योजना के संचालन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिये वरिष्ठ कार्यालय को लिखा जाएगा. इसके अलावा कई विभागों की समीक्षा भी की गई.

# आरटीआई एक्टिविस्ट पर बाइक सवार बदमाशों ने किया हमला

- गुड़भेला के समीप कार रोकी और जमकर की मारपीट
- गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को किया भोपाल रेफर

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 अक्टूबर.** सोमवार की शाम लगभग छह बजे हाईवे स्थित ग्राम गुड़भेला के समीप इंदौर की ओर जा रही एक कार को रोककर बाइक सवार दो बदमाशों ने उसमें सवार एक व्यक्ति को उतारकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया. इसके बाद बदमाश कार की चाबी निकालकर फरार हो गए. घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है. वह ग्वालियर निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट बताया जा रहा है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम भोपाल से इंदौर की ओर जा रही एक कार का पीछा करते आ रहे बाइक सवार दो लोगों ने रोका. दोनों युवक चेहरा छुपाने के लिए हेलमेट पहने थे. बताया जाता है कि कार के रुकते ही उसमें बैठे एक व्यक्ति को बाहर निकाला और लाठियों से उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए लहूलुहान कर दिया. इस दौरान उन्होंने कार चालक व एक अन्य व्यक्ति से कुछ भी नहीं कहा. बेदर्दी से की गई मारपीट के बाद जब व्यक्ति बेदम होकर जमीन पर गिर गया तो दोनों बाइक सवार कार की चाबी निकालकर फरार हो गए. इस बीच पुलिस को



सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे भोपाल रेफर कर दिया गया है.

प्रारंभिक छानबीन में घायल व्यक्ति का नाम पंजाब सिंह गुर्जर बताया जा रहा है जो ग्वालियर निवासी है तथा आरटीआई एक्टिविस्ट है. पता चला है कि उसने भोपाल से उक्त कार में इंदौर तक के लिए लिफ्ट ली थी तथा उक्त कार भी किसी अधिकारी की बताई जाती है. हमलावरों ने पंजाब सिंह के पास रखे लगभग तीस हजार रुपए और दो मोबाइल के अलावा कार में रखी फाईल वगैरह को छुआ तक नहीं. सूत्रों की मानें तो कार में रखी फाईल नियुक्तियां व ट्रांसफर संबंधी हैं. इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि किसी व्यक्ति ने आरटीआई एक्टिविस्ट पर हमला कराया है. अगर पुलिस मामले की सूक्ष्मता से जांच करेगी तो हो सकता है कि बड़ा रहस्योदघाटन हो सके. हालांकि इस बात की भी संभावना जताई जा रही है कि हमलावर भोपाल से ही कार का पीछा कर रहे थे और रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट कर दी.

इस संबंध में मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया.

# संदेहास्पद परिस्थितियों में मिला युवक का नर्मदा में शव

- मृतक की बाइक के साथ पकड़े गए युवक को पुलिस ने छोड़ा
- परिजनों ने एसडीओपी से जांच कराने की मांग की

नवभारत न्यूज

**बुधनी 13 अक्टूबर.** ग्राम सोमलवाड़ा खुर्द निवासी 52 वर्षीय व्यक्ति का शव बांद्राभान में नर्मदा नदी से बरामद हुआ है. परिजनों ने उनकी हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है.

जानकारी के अनुसार राजू अहिरवार गत रविवार को अपनी बाइक से शाहगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोबी स्थित अपने साले के घर गए थे. मंगलवार शाम



6 बजे वे वापस सोमलवाड़ा खुर्द के लिए रवाना हुए. लेकिन घर नहीं पहुंचे. परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की और बुधवार को उन्हें सूचना मिली कि राजू की बाइक नर्मदापुरम देहात थाने में खड़ी है. परिजन थाने पहुंचे तो उन्हें बताया कि यह बाइक निमसाड़िया निवासी भूरा धोबी से जप्त की गई थी. जिसे बाद में छोड़ दिया गया. परिजनों ने इस पर थाने में शिकायत दर्ज कराई. वहीं 9 अक्टूबर को शाहगंज थाने में राजू की गुमशुदगी भी दर्ज की गई.12 अक्टूबर को बुधनी पुलिस को बांद्राभान के पास नर्मदा नदी में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली.परिजनों ने उसकी पहचान राजू अहिरवार के रूप में की. बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता सिविल अस्पताल पहुंचे और उन्होंने राजू की संदिग्ध हालात में हुई मौत पर आक्रोश जताया. सभी ने बुधनी थाने पहुंचकर एसडीओपी रवि शर्मा से मुलाकात की और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की. इस घटनाक्रम से मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है. उन्होंने मामले की जांच की मांग की है.

### दबिश डालने पहुंचे वनकर्मियों पर किया हमला

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 13 अक्टूबर.** रविवार रात लाड़कुई वन रेंज अमले को सूचना मिली कि कुछ लोग लकड़ी चोरी कर ले जाने वाले हैं. इस पर वन विभाग के गार्ड काशीराम अहिरवार रात 10 बजे सुरक्षा कर्मी बलराम जाट और नवल सिंह के साथ रवाना हुए. ये तीनों जूनापानी प्लांटेशन के पास इटावा रोड पर पहुंचे. कुछ देर बाद चार बाइक पर सवार होकर 8 लकड़ी चोर जब यहां पहुंचे तो आरोपियों ने वन अमले पर जानलेवा हमला कर दिया.

इस हमले में एक वनकर्मी घायल हो गया और उसके दोनों साथियों को चोटें आईं. उसे इलाज के लिए भैरूंदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

बताया जाता है कि आठों आरोपी चार बाइक से लकड़ी ले जा रहे थे. फॉरेस्ट गार्ड काशीराम अहिरवार और उसके साथियों ने जब लकड़ी चोरों को रोका तो कुछ कहासुनी हुई. लकड़ी चोरों ने फॉरेस्ट गार्ड और उनके साथियों पर जानलेवा हमला किया. उनके पास लोहे की राड और हाथ में कड़े पहने हुए थे. फॉरेस्ट गार्ड के साथी को अस्पताल में भर्ती कराया गया. लकड़ी चोरों को फॉरेस्ट गार्ड और वन सुरक्षाकर्मी पहचानते हैं. ब डिप्टी रेंजर ओम कुमार गोयल, वनरक्षक यशवंत गोयल, अमर सिंह रावत, श्याम सुंदर सिंह राजपूत ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है. पुलिस अधिकारी ने घायलों का बयान दर्ज कर लिया है.

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से दंपत्ति घायल

**सीहोर.** स्टेट हाईवे आरटीओ के समीप तेज रफ्तार कार के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी. जिससे बाइक पर सवार पति-पत्नी घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया. जहां से पति को गंभीर चोटें आने पर भोपाल रेफर किया गया है. पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. प्राप्त जानकारी अनुसार आष्टा निवासी जयसिंह मेवाड़ा अपनी पत्नी सुरेचना के साथ बाइक से भोपाल जा रहे थे. बताया जाता है कि जब उनकी बाइक हाईवे के समीप पहुंची तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 09 सीजी 2681 के चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी. नतीजतन इस हादसे में बाइक सवार पति- पत्नी गिरकर घायल हो गए. घायलों कोजहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल जयसिंह मेवाड़ा को भोपाल रेफर किया गया है.

**धार्मिक** | शाहगंज दशहरा मैदान पर आयोजित श्रीरामलीला का समापन

# श्रीराम के राज्य अभिषेक के साथ हुआ रामलीला का समापन

नवभारत न्यूज

**शाहगंज 13 अक्टूबर.** . शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर विगत 28 सितंबर से शुरु हुए रामलीला महोत्सव का समापन रावण वध एवं राजतिलक के साथ संपन्न हुआ. विगत 101 वर्षों से नगर में रामलीला का संचालन सतत होता चला आ रहा है. रामलीला का संचालन जनता द्वारा प्रभु श्रीराम को माला स्वरुप भेंट किए गए एक-एक रुपए से किया जाता है. श्रद्धालुओं द्वारा भी तन मन धन से रामलीला में सहयोग दिया जाता है.

दशहरा मैदान पर चल रहे रामलीला महोत्सव के अंतिम दिवस लंका पति रावण एवं प्रभु श्री राम के बीच कई दिनों तक भीषण युद्ध चलता है. इस दौरान भगवान रावण के शीश काटते और पुन: उसके शीश उत्पन्न हो जाते. भगवान यह देखकर अचंभित होते हैं तभी अंत में



रावण के छोटे भाई विभीषण द्वारा प्रभु श्री राम को बताया जाता है कि रावण के नाभि में अमृत कुंड है जब तक उसका संधान नहीं किया जाएगा. तब तक रावण का मरना असंभव है. यह बात सुनकर प्रभु श्री राम ने जैसे ही रावण के नाभि कुंड में बाण मारा वैसे ही रावण का वध हो गया. रावण वध के पश्चात सभी अयोध्यापुरी को वापस लौट आए. अयोध्या वापस आते ही प्रभु श्रीराम ने अवधपुरी को प्रणाम किया. प्रभु के वनवास से वापस आने पर दीप जलाकर मंगल गीत गाए गए. भगवान श्री राम का सर्व प्रथम गुरु वशिष्ठ द्वारा राजतिलक किया गया .तदुपरांत दशहरा मंच पर रामलीला समिति अध्यक्ष रामगोपाल सैनी, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष विनय भार्गव एवं उपस्तिथ सभी धर्मानुरागियों ने भगवान का विजय तिलक किया. अंत में रामलीला समिति के कोषाध्यक्ष महेश भार्गव द्वारा रामलीला का आय व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया गया एवं सभी का आभार व्यक्त किया. रामलीला महोत्सव को सफल बनाने में चंद्रप्रकाश सैनी, रामभरोस भार्गव,जगदीश गौर, रामगोपाल सैनी, सचिन भार्गव, नरेश गौर, फूलचंद्र गौर, महेश विजय, प्रदीप सराठे, महेश भार्गव, छन्नू लाल गौर, त्रिलोक चंद सोनी, संजय भार्गव, संतोष साहू, राजेश सराठे , जेपी सराठे, अखिलेश भार्गव, जतिन सैनी, मोहन पाल, छोगा लाल गौर, राजू विश्वकर्मा, राजेंद्र गौर,सुभाष वर्मा, छोटे भैया कुशवाह, अजय यादव, राकेश विश्वकर्मा, जय सिंह ठाकुर, गोविंद दास बैरागी, राजेंद्र परिहार, राकेश विश्वकर्मा, रूपनारायण शर्मा, विष्णु थापक, राजेंद्र गौर, अभिषेक विश्वकर्मा, भीमा केवट, आदि कलाकारों का विशेष सहयोग रहता है.


**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि हमारे पक्षकार कैपरी ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा श्री बनप सिंह वर्मा पिता श्री जमनाप्रसाद वर्मा, निवासी ग्राम निपनिया सिक्का, तहसील इछावर, जिला सीहोर (म.प्र.) को इनके स्वामित्व व अधिपत्य की संपत्ति ग्राम शेरपुर में स्थित आवासीय प्लाट/मकान भूमि सर्वे नम्बर 138/1, प.ह.न.47, ग्राम शेरपुर, तहसील सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.), में स्थित भूखंड/भवन है, जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्ग फिट है। जिसकी चतुर्तीमा पूर्व रास्ता निस्तारी 20 फिट चौड़ा, पश्चिम अन्य का भूखण्ड, उत्तर देवराज वर्मा का भूखण्ड, दक्षिण रास्ता निस्तारी 20 फिट चौड़ा, है पर ऋण दिया जाना स्वीकृत है। यह की उक्त संपति को श्री बनप सिंह वर्मा पिता श्री जमनाप्रसाद वर्मा द्वारा श्री लखनलाल पिता श्री चन्दर सिंह से ई-रजिस्टर्ड बिक्रिखत क्रमांक MP35037 2021A1066171, दिनांक 21/01/2021 के माध्यम से क्रय की गई। अत: उक्त संपति से संबंधित असन दस्तावेज श्री लखनलाल पिता श्री चन्दर सिंह द्वारा मजीद खां पिता शेख उमरखां द्वारा मुख्तार आम श्री नवाब खां पिता मजीद खां द्वारा रजिस्टर्ड बिक्रिखत ई रजिस्टर्ड बिक्रिखत क्रमांक MP350372018A 1434865,दिनांक 20/06/2018, के माध्यम से क्रयं की गई है जो रजिस्टर्ड बिक्रिखत क्रमांक गुम हो गया है, व बहुत तलाशने पर भी उक्त असल दस्तावेज नहीं मिला है। यह कि उक्त संपति पर कैपरी ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से लोन लिया जा रहा है। यदि उक्त प्लाट/मकान/दुकान पर उक्त वर्णित दस्तावेज या अन्य किसी लिखित या मौखिक माध्यम से किसी भी शासकीय अर्ध-शासकीय संस्था, व्यक्ति / संस्था / सोसायटी आदि का रजिस्टर्ड अनरजिस्टर्ड ऋण / भार / बोझ /मेंटेनेंस / फ़ाइनेंस / प्राइवेट फ़ाइनेंस, जमानत, चार्ज, गिरवी, दान, बक्षीस का भार हो या किसी तरह से हित अधिकार, स्वत्व, सूखाधिकार, दावा/आपत्ति हो या अर्जन कार्यवाही लंबित हो, निगमित निकाय/संस्था व्यक्ति का हित उजर आदि हो तो मय लेखी प्रमाण के हमारे कार्यालय में 07 दिन में लिखित आपत्ति दर्ज करावें। बाद मियाद के किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति, दावा आदि मान्य नहीं होगी तथा हमारे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो ।

इति दिनांक 13/10/2025

**राहुल गेहलोत अभिभाषक कार्यालय: सेमनरी रोड़ पर सोनू पुल के सामने. आशा (म.प्र.), मोबाईल नं. 8770856754, 9907642719**